सनातन धर्म प्रतिष्ठान

प्रेस नोट

दिनांक : 20 मई, 2023

20,000 + करोड़ की लागत से होगा सनातन धर्म स्थल का निर्माण ।

स्थल विश्व का सबसे बड़ा तीर्थ स्थान ही नहीं बल्कि ज्ञान,पूजा और प्रार्थना का केंद्र भी होगा ।

मुंबई 20 मई : सनातन धर्म प्रतिष्ठान एक गैर लाभकारी,सार्वजनिक, धार्मिक व धर्माथ ट्रस्ट, महाराष्ट्र में 10,000 एकड़ में सनातन धर्म स्थल का निर्माण करेगा । स्थल के मुख्य उद्देश्य हैं सनातन धर्म का पुनरुथान , सभी हिन्दुओं को एकजुट करना और हिन्दुओं का केन्द्रीय मार्गदर्शक स्थान बनना ।

मुख्यमंत्री माननीय श्री एकनाथ शिंदे जी ने परियोजना को मंज़ूरी दी और महाराष्ट्र में यह प्रोजेक्ट करने के लिए प्रतिष्ठान का धन्यवाद किया और पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया । आज प्रतिष्ठान की वेबसाइट www.sanatandharmafoundation.org व 24 पन्नो की पत्रिका का विमोचन किया ।

प्रतिष्ठान के बोर्ड आफ ट्रस्टीज के अध्यक्ष श्री सुदेश अग्रवाल ने जानकारी दी कि स्थल 10 वर्ष में पूरा किया जायेगा । स्थल में 400 फ़ीट ऊँचा सनातन धर्म स्तम्भ होगा जो 4 वेदों और 4 मुख्य शास्त्रों से घिरा होगा । स्थल में हिन्दुओं के सभी मंदिर होंगे और अन्य पंथो के पूजा के स्थान भी होंगे । विश्व में स्थापित हिन्दू मंदिर भी होंगे । स्थल में ज्ञान केन्द्र, स्नान घाट ,विश्विधालय ,सम्मलेन केंद्र, गुरुकुल के साथ- साथ 2 लाख तीर्थ यात्रिओं के निवास की व्यवस्था होगी । स्थल में 5 करोड़ तीर्थ यात्री प्रति वर्ष आएंगे ।

स्थलविश्व कोदर्शाएगा की सनातन धर्म कितना विशाल है और हिन्दू अपनी सभ्यता पर गौरवांवित होंगे ।

स्थल 2 लाख नौकरियों का सृजन करेगा और महाराष्ट्र के GSDP को 50,000 करोड़ से बढ़ाएगा ।

श्री सुदेश अग्रवाल ने श्री राहुल शेवाले सांसद, लोकसभा का धन्यवाद किया जिन्होंने इस परियोजना को महाराष्ट्र में लाने के लिए बहुत प्रयास किये ।

विमोचन के समय मुख्य रूप सेनिम्न उपस्थित रहे ।
नीलम अग्रवाल - संस्थापक सनातन धर्म प्रतिष्ठान
वेद प्रकाश, प्रसून पाल, सुप्रिया मिश्रा, रवि शर्मा प्रतिष्ठान के ट्रस्टीऔर अन्य गणमान्य लोग ।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें रवि शर्मा - 09820131316 या 09873952600 वेद प्रकाश

प्रेस नोट लिंक : https://sanatandharmafoundation.org/downloads.php#PressRelease

एनिमेटेड वीडियो लिंक: https://youtu.be/2LSsz1FPW34